अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पानीपत में होगा

चर्चा में क्यों?

19 जून, 2023 को हरियाणा के गृह, स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री अनिल विज ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में राज्य के सभी ज़िला उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों की बैठक में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राज्य के पानीपत ज़िले में किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- इसके अलावा, राज्य के 21 ज़िलों में ज़िलास्तरीय कार्यक्रम होंगे तथा 121 ब्लॉकों में भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।
- इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'वसुधैव कुटुंबकम् के लिये योग' है तथा 'हर घर-आंगन योग' टैगलाइन है।
- आयुष मंत्री ने कहा कि इस बार योग दिवस की टैगलाइन 'हर घर आंगन योग' के अनुरूप राज्य सरकार भी हर गाँव में योग को पहुँचाने के लिये योगशालाएँ बनवा रही है। अब तक लगभग 600 योगशालाएँ बन चुकी हैं।
- उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिया कि योग दिवस के कार्यक्रम को सही तरीके से आयोजित करने हेतु यूनिफार्म की व्यवस्था हो, प्रतीक चिह्न हो, योगा मैट भी होने चाहिये। साथ ही, एक प्रशिक्षित योग सहायक हो, जो मुख्य मंच पर योग की क्रियाएँ करके अन्य साधकों को अनुसरण करवाएँ।
- इसके अलावा, आयुष मंत्री ने चंडीगढ़ में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया कि मिनिट-टू-मिनिट कार्यक्रम सभी उपायुक्तों को प्रेषित करें और ज़िला व ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में डिस्प्ले का पूरा प्रबंध होना चाहिये, क्योंकि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का संबोधन लाइव दिखाया जाएगा।
- राज्य के प्रत्येक शहर व ब्लॉक इत्यादि में योग कक्षाएँ चल रही हैं, इसलिये योग दिवस के दिन ये सभी योगसाधक एक स्थान पर एकत्रित होकर योगाभ्यास करें।
- आयुष विभाग के महानिदेशक डॉ. साकेत कुमार ने कहा कि राज्यस्तरीय कार्यक्रम में 5 से 6 हज़ार, ज़िला स्तर के कार्यक्रम में 3 से 4 हज़ार और ब्लाक स्तर के कार्यक्रम में एक हज़ार से अधिक भागीदार हिस्सा लेंगें।
- उन्होंने बताया कि इस बार 'भूवन योगा' ऐप के माध्यम से योग दिवस की फोटो व वीडियो को अपलोड किया जा सकता है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-level-program-of-international-yoga-day-to-be-organised-in-panipat